NT>

Title: Need to waive off the bank loans including interests given to the farmers of Maharashtra.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : अध्यक्ष जी, भारत सरकार ने सूखे की मार से पीड़ित किसानों के ऊपर बैंकों के कर्जे के ब्याज को माफ करने एवं उसकी वसूली स्थगित करने का निर्णय लिया है, लेकिन सरकार के निर्णय के खिलाफ काम हो रहा है और उनसे कर्जे एवं ब्जाय की वसूली तेजी से की जा रही है। किसान सूखे की वजह से पहले ही पीड़ित है और उसकी हालत खराब है, लेकिन डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक तथा जो नैशनलाइज बैंक हैं वे किसानों से अपने कर्जे की वसूली सख्ती से कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, हमारे पंथ प्रधान, श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने आश्वासन दिया था कि सूखे के कारण किसानों के ऊपर ऋण के ब्याज की वसूली स्थगित की जाएगी और इसका सख्ती से पालन किया जाएगा। इस प्रकार से उन्होंने किसानों के कर्जों और ब्याज को स्थगित कर दिया था। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि महाराट्र में बैंकों को, किसानों को दिए कर्जे एवं ब्याज की वसूली स्थगित करनी चाहिए।